## मकर संक्रांति के पर नन्दीशाला में नन्दियों को खिलाई लापसी

**नोखा।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में मळ मास व मकर संक्रांति के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में मंगलवार को नन्दियों के लिए लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। इस मौके पर आज 32 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया। नन्दीसेवको द्वारा लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा परिवार व किशनलाल कुम्हार परिवर द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व सत्यनारायण महावीर प्रसाद तापड़िया परिवार द्वारा 24 क्विंटल व मोहनलाल लखारा परिवार द्वारा 26 क्विंटल चारा नन्दीशाला में नन्दियो के लिए डलवाय गया।इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सेवा समिति के सचिव निर्मल कुमार भूरा द्वारा सभी भामाशाहो का आभार व्यक्त किया गया।

# जेल की सुरक्षा के लिए लोहे के टॉवर पर ड्यूटी करने वाले आरएसी के जवान असुरक्षित

**बीकानेर,** जेल की सुरक्षा के लिए लोहे के टॉवर पर चढ़कर ड्यूटी करने वाले आरएसी के जवान खुद असुरक्षित और जरूरी सुविधाओं से वंचित हैं।

4-5 डिग्री की सर्दी, 45-50 डिग्री की गर्मी और बरसात के मौसम की मार 24 घंटे इन जवानों को सहनी ही होती है। पिछले दिनों एडीजी जेल के बीकानेर आगमन पर उनके समक्ष यह मुद्दा उठा था।बीछवाल स्थित बीकानेर केन्द्रीय कारागृह की बाहरी सुरक्षा के लिए आरएसी की कंपनी तैनात है। जेल भवन के चारों ओर लोहे के छह टॉवर बने हैं जहां आरएसी के जवान आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं। प्रत्येक टॉवर पर एक जवान की ड्यूटी होती है जो करीब 30 फिट से ज्यादा ऊंचे टॉवर से जेल की सुरक्षा के लिए निगरानी करते हैं। इनमें महिला जवान की भी टॉवर पर ड्यूटी लगती है।

- **बीछवाल स्थित बीकानेर केन्द्रीय कारागृह की बाहरी सुरक्षा के लिए आरएसी की कंपनी तैनात है।**

जेल सुरक्षा में लगे इन जवानों के लिए टॉवर पर सर्दी, गर्मी, बारिश से बचने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। लोहे के टॉवर होने के कारण करंट आने का भी खतरा बना रहता है। यहां तक कि टॉवर पर ड्यूटी करने वाली महिला जवानों के लिए वॉशरूम का भी इंतजाम नहीं है।

आरएसी के जवानों ने इस सबंध में आरएसी के जवानों ने जेल प्रशासन को बार-बार अवगत कराया, लेकिन समाधान नहीं निकला। पिछले दिनों एडीजी जेल रूपिन्दर सिंघ के बीकानेर आगमन पर उनके समक्ष भी यह मुद्दा उठा था।

दरअसल केन्द्रीय कारागृह के पास ही आर्मी एरिया है और वहां सेना के जवानों के लिए ऊंचाई से निगरानी रखने के लिए सीमेंट के टॉवर बने हैं जहां उनके लिए सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम भी है।

जेल सुरक्षा में लगे आरएसी के जवान अधिकारियों के समक्ष सीमेंट के टॉवर बनाने और आंधी, बारिश से बचने, महिला जवानों के लिए वॉशरूम का इंतजाम करने की आवश्यकता जताते रहे हैं । सुमन मालीवाल, जेल अधीक्षक बीकानेर का कहना है कि टॉवर पर ड्यूटी करने वाले आरएसी के जवानों के लिए सर्दी, गर्मी, बारिश से बचने और वॉशरूम का इंतजाम करने की योजना है। इसके लिए पीडब्लूयूडी से एस्टीमेट बनवाकर जेल मुख्यालय से बजट मांगेंगे।'

## ब्राह्मण स्वर्णकार समाज की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से

**बीकानेर,** श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज खेलकूद समिति, बीकानेर द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 16 जनवरी से स्थानीय रेलवे ग्राउंड में शुरू होगी। प्रतियोगिता से पहले सोमवार को विजेता और उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्राफियों का अनावरण खिलाडियों और कप्तानों की उपस्थिति में किया गया। समिति के अनिल सोनी ने बताया कि इस वर्ष समाज के युवाओं में प्रतियोगिता को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

ट्रॉफी अनावरण समारोह में समिति के अध्यक्ष लोकेश सोनी, कपिल, राजीव, आनंद, रवि सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे। समिति के पुखराज ने बताया कि प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द सीरीज को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज के युवाओं को जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है।

- **प्रतियोगिता से पहले सोमवार को विजेता और उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्राफियों का अनावरण खिलाडियों और कप्तानों की उपस्थिति में किया**

समिति के पवन सोनी ने इस आयोजन से समाज को एकजुट रखने का उत्कृष्ट प्रयास बताते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन न केवल युवाओं में खेल भावना का विकास करते हैं, बल्कि समाज के बीच आपसी समरसता को भी मजबूत करते हैं। आयोजकों ने बताया कि टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता खेल प्रेमियों और समाज के लोगों के लिए यह प्रतियोगिता मनोरंजन और उत्साह का केंद्र बनेगी।

## सार-समाचार

### दूध का दूध, पानी का पानी-अभियान के लिए सैम्पल

**बीकानेर।** उत्तरी राजस्थान सहकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बीकानेर(उरमूल डेयरी)द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जेएनवी पुलिस थाना के पीछे सरस बूथ कोड 1443 पर शिविर आयोजित कर आमजन द्वारा लाए गए दूध के सैम्पल की निःशुल्क जांच की।अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 14 सैम्पल लिए गए जिसमें से 11 सैम्पल फैल और केवल 01 सैम्पल पास हुआ।बूथ संचालक बलबीर सिंह पड़िहार ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। उरमूल डेयरी के मार्केटिंग हैड मोहनसिंह खीचड़ ने बताया कि अधिकतर दूध बेचने वाले प्लास्टीक,अल्युमिनियम आदि की टँकीयो में दूध लेकर आते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होती है। उरमूल डेयरी नकली और मिलावटी दूध की निःशुल्क जांच के लिए सम्पूर्ण जिले में आगामी 17 फरवरी अभियान को जारी रखेगी।साथ ही डेयरी की ओर से सरस दूध का 200मिली दूध का पाउच और नये साल का कलेण्डर मुफ्त में उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है।अगला शिविर चलाना अस्पताल के पास आयोजित किया जाएगा। इस अभियान पर स्थानीय उपभोक्ताओं रिटायर्ड थानेदार दिलीप सिंह,इंजी गणेशाराम दावा, अम्बाराम इनखिया, श्रीमती मन्जू, प्रतीक व्यास आदि ने उरमूल डेयरी के जांच अभियान को सराहनीय कार्य बताया तथा अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन की सुविधा के लिए शहर में दिशा और दूरी को मध्यनजर रखते हुए 4-5 स्थाई जांच केन्द्र सरकार या उरमूल डेयरी की ओर से स्थापित किए जाने चाहिये जहाँ दूध और दूध से बने उत्पादों की शुद्धता की निरंतर जांच हो सके।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत परिचर्चा का आयोजन

**बीकानेर।** पीएमश्री राजकीय सादुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएमश्री योजना के तहत मंगलवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गौरव बिस्सा थे। मुख्य अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के आर्ट फैकल्टी के डीन प्रो. अन्ना राम शर्मा थे। डॉ. बिस्सा ने विद्याथिर्यों और स्टाफ का वैज्ञानिक तकनीकी और मनोवैज्ञानिक स्तर पर मार्गदर्शन किया। डॉ. बिस्सा ने कहा कि वर्तमान युग तकनीकी कौशल और वैज्ञानिक विकास का युग है। इसके बावजूद पुस्तक पढ़ने की समसामयिकता आज भी बनी हुई है। विद्याथिर्यों और शिक्षकों को नई-पुस्तकें और शोध पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। विद्याथिर्यों के लिए आवश्यक है कि वे अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर निरंतर कठोर परिश्रम करना। उन्होंने कहा कि आज का युग जानकारी का युग है। इसके बावजूद हमें वही जानकारी रखनी है जो हमारे और समाज के लिए उपयोगी हो। उन्होंने व्यावहारिक और प्रयोग कार्यक्रमों के माध्यम से श्रोताओं को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के विकास के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया।डॉ. बिस्सा ने कहा कि ब्रह्मांड की समस्त शक्तियां मनुष्य के भीतर निहित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अन्नाराम शर्मा ने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में बीकानेर का सादुल विद्यालय अग्रणी होकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मानव संसाधन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्न कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य यशपाल पंवार ने बताया कि यह सेमिनार सभी स्ट्रीम के विद्याथिर्यों को परीक्षा मनोवैज्ञानिक तनाव और संघर्षों से सकारात्मक रूप से जीतने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सुभाष जोशी और संयोजन डा चन्द्रभान नें किया। पवन कुमार मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### क्षेत्रीय और मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का पुर्नगठन

**बीकानेर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा उत्तर-पश्चिम रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति एवं उत्तर-पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों के मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का पुर्नगठन किया गया है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त श्रीमती शुचि त्यागी द्वारा जारी आदेश अनुसार क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति में खाजूवाला के विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल को राज्य विधानमंडल के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित किया गया है। इस समिति में राज्य सरकार की प्रतिनिधि के रूप में जयपुर की संभागीय आयुक्त श्रीमती रश्मि गुप्ता और कृषि संगठनों एवं अन्य निकायों के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय किसान संघ के श्री कालूराम बागड़ा को सम्मिलित किया गया है। इसी प्रकार बीकानेर डिविजन की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति में श्रीकोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी को राज्य विधानमंडल के प्रतिनिधि और जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि को राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग की समितियों का पुर्नगठन किया गया है।क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का कार्यकाल 30 सितम्बर 2026 तक तथा मंडल स्तरीय समिति का कार्यकाल 15 अगस्त 2026 तक रहेगा। खाजूवाला विधायक डॉ मेघवाल ने बताया कि समिति की पहली बैठक 17 जनवरी को जयपुर में आयोजित होगी। इस दौरान क्षेत्र में रेल से जुड़े विभिन्न विषयों को प्राथमिकता से रखा जाएगा।

### बेटियों के लिए लगाएगा निःशुल्क कक्षाएं

**बीकानेर,।** मक्खन जोशी वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली बेटियों के निःशुल्क कोचिंग क्लासेज लगाई जाएंगी। इसके लिए 'अफसर बिटिया' अभियान चलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने मंगलवार को जयपुर में इसके पोस्टर का विमोचन किया। डॉ. बैरवा ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर देना अनुकरणीय है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बेटियों के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोसायटी द्वारा इनका प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि 'अफसर बिटिया' अभियान का जरूरतमंद बेटियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और बेटियां आगे बढ़ेंगी। सोसायटी सचिव अविनाश जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य संचालित किए जाते हैं। यह वर्ष बालिका शिक्षा को समर्पित रहेगा। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेटियों के लिए कक्षाएं लगाई जाएंगी। इसके लिए प्रशिक्षित शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाएगा। साल भर चलने वाली कक्षाओं के लिए बेटियों का चयन जल्दी ही किया जाएगा। इस दौरान अविनाश जोशी ने मक्खन जोशी वेलफेयर सोसायटी की गतिविधियों और मक्खन जोशी के व्यक्तित्व कृतित्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा युवा, वृद्ध और महिलाओं को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम किए गए। अभियान प्रभारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि 'अफसर बिटिया' अभियान के लिए इच्छुक बेटियां कार्यालय समय के दौरान अपना आवेदन प्रधानमंत्री कौशल केंद्र नयाशहर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कर सकते हैं। राजस्थान पुष्करणा ब्राह्मण परिषद द्वारा मंगलवार को मक्खन जोशी की पुण्यतिथि पर जयपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास सहित परिषद के प्रदेश अध्यक्ष महेश व्यास, जोगेंद्र शर्मा, रामदयाल पंचारिया, दिनेश सांखला, राजा व्यास, मिथुन व्यास और नवनीत पुरोहित आदि ने मक्खन जोशी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## नोखा के मोरखाना में यातायात जागरूकता अभियान

**नोखा,** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरखाना में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार बिश्नोई ने विद्याथिर्यों को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम में डीटीओ बिश्नोई ने सुरक्षित वाहन चलाने के नियमों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने हेलमेट का प्रयोग, ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता और शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही, जल्दबाजी में ओवरटेकिंग न करने की सलाह दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम लाल छींपा ने माला और साफा पहनाकर जिला परिवहन अधिकारी का स्वागत किया। वरिष्ठ व्याख्याता हनुमाना राम गर्ग ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

- **-डीटीओ ने छात्रों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी, हेलमेट और लाइसेंस के महत्व पर किया जागरूक**

कार्यक्रम में नई और पुरानी गाड़ियों का पंजीयन, फिटनेस, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

विद्याथिर्यों और स्टाफ ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। वरिष्ठ अध्यापक हरिप्रकाश के मंच संचालन में विद्यालय परिवार ने यातायात नियमों का पालन करने और राष्ट्रहित में सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन 'चर्चा चली गली गली, दुर्घटना से देर भली' के नारे के साथ हुआ।

## बच्चों और महिलाओं को आयरन सिरप पिलाया

**बीकानेर।** महावीर इन्टरकोन्टीनेटल सर्विस आर्गेनाइजेशन, बीकानेर ग्रेटर के तत्वावधान मे सेवा आश्रम, बीकानेर के निर्वासित विमंदित बच्चों और महिलाओं को आवश्यकतानुसार आयरन सप्लीमेंट सिरप पिलाया गया एवं निरन्तरता हेतु 102 बच्चों और महिलाओं के लिए सिरप की बोतले प्रदान की गई । कार्यक्रम डॉ.गजेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ नरेश गोयल ने कहा कि सेवा आश्रम मे असहाय बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य मे आयरन की कमी न रहे इस हेतु डॉ गजेन्द्र वर्मा की सलाह पर यह शिविर आयोजित किया गया, समय-समय पर सेवा आश्रम मे निर्वासित विमंदित बच्चों और महिलाओं के लिए अन्य जरूरतो को पूर्णित करने का प्रयास रहेगा ।

# फैक्ट्री का दावा कर रहे बाहरी व्यक्ति, एक दिन के लिए करवाया वीडियो शूट

**बीकानेर,** यहां की पहचान है सदियों से चल रही कुंदन मीना जड़ाऊ ज्वेलरी। इसमें स्वर्णकार समाज सहित अन्य समाज के हजारों लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। देश ही नहीं विदेश में भी बीकानेरी की इस कला की पहचान है और विश्वास दोनों है।

बीकानेर के कारीगर सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी इस व्यवसाय को अपना रहे हैं और यही उनकी साख है। यहीं पर छोटे-छोटे कारीगर अपने घरों में इस ज्वेलरी को बनाते हैं और फिर राज्य, देश और दुनिया के शो रूमों से होकर हर घर तक जाते हैं।

बीकानेर की इसी साख और विश्वास का फायदा उठाकर, कुछ व्यापारी कम गुणवत्ता की ज्वेलरी कारीगरों को प्रलोभन देकर बनवा रहे हैं। इसे बीकानेर की ज्वेलरी बताने के लिए वे अपने ब्रांड के साथ बीकानेर में एक दिन के लिए फैक्ट्री खोलने का दिखावा कर रहे हैं।

यहां के कारीगरों को ज्वेलरी के प्रमोशन का प्रलोभन देकर उनसे एक ही जगह पर काम करते हुए फोटो शूट करवा रहे हैं। यह कहना है कि बीकानेर ज्वेलर्स समिति, बीकानेर के अध्यक्ष शिव कुमार सोनी का। उन्होंने कहा कि दस दिन पहले दिल्ली का एक व्यापारी बीकानेर में मुरलीधर व्यास कॉलोनी पहुंचा। वहां पर एक दिन के लिए बिल्डिंग किराए पर ली, यहां के छोटे व्यापारी को फंसाकर काम करते हुए का वीडियो शूट करवाया। उसके बाद उसे सोशल मीडिया पर हमारी कुंदन मीना जड़ाऊ पोलकी आभूषणों की फैक्ट्री होने का प्रसारित किया।

ऐसे व्यापारी 20 से 30 प्रतिशत गुणवत्ता का माल बनाकर उन्हें कुंदन मीना जड़ाऊ ज्वैलरी के नाम से बेच रहे हैं। इससे हमारी सदियों पुरानी विरासत पर खतरा मंडराने लगा है। इसके लिए समिति एकजुट होकर, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। सचिव नंदलाल सोनी ने बताया कि ऐसे व्यापारी बीकानेर की फैक्ट्री में माल तैयार बताकर इसे सर्टिफाइड सिंडिकेट पोलकी और हॉलमार्क ज्वेलरी बताकर भ्रामक प्रचार कर उसे बेच रहे हैं। जबकि पोलकी की टेस्टिंग करने वाली कंपनी आईजीआई सिंडिकेट शब्द से कोई सर्टिफिकेट ही जारी नहीं करती। कोषाध्यक्ष घनश्याम सोनी, सुरेश सोनी और पंकज सोनी का कहना है कि बीकानेर के कारीगरों को एकमंच पर आकर ऐसे व्यापारियों से बचना होगा, उनके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

# सागर रोड पर टर्न लेते समय पलटा ईंटों से लदा टर्बो

**बीकानेर,** जसरासर स्टेट हाइवे पर इस माह 13 दिन में 6 हादसे हो गए। ईंटों से लदा एक टबी ट्रक पलट गया। उसके आगे का हिस्सा उछल कर पास ही एक घर में चला गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।

सागर रोड पर यह हादसा तड़के करीब चार बजे हुआ। स्टेट हाइवे पर टर्न लेते समय टबी पलट गया और उसके आगे का हिस्सा (घोड़ा) अलग होकर पास ही बलवेश पुरोहित के घर के परिसर में चला गया, जहां उसकी टक्कर लगने से दुकान की दीवार और लोड बॉडी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। यदि उसकी स्पीड और अधिक होती तो मकान की दीवार तोड़ अंदर घुस जाता, जिससे बड़ी जनहानि हो सकती थी। पुरोहित ने बताया कि जहां गाड़ी आकर गिरी उसके कुछ ही फीट दूर कमरे में परिवार के सात सदस्य सो रहे थे। गाड़ी की टक्कर लगाने से नव निर्मित दुकान क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि हाइवे निर्माण के दौरान गांव की सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया है। सड़क किनारे लोगों के मकान हैं, लेकिन सेफ्टी वॉल तक नहीं बनाई। सड़क के किनारे फुटपाथ तक नहीं बनाए गए हैं। निर्माण के दौरान हमने चार महीने तक काम रोके रखा। लेकिन पीडब्लूडी के अधिकारियों ने पुलिस बुलवा ली। उस वक्त गांव वालों को ठेकेदार से समझौता भी हुआ था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। अब आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस महीने छह हादसे हो चुके हैं। रोज पशु मर रहे हैं। भारी वाहन 80 और 100 की स्पीड से निकलते हैं। कहीं स्पीड ब्रेकर तक नहीं हैं। मोड़ खतरनाक हैं, जहां गाड़ियां पलट जाती हैं। रिडमलसर सरपंच रामदयाल गोदारा, रमेश कुमार पुरोहित, सीताराम गोदारा, लालचंद कुम्हार, शिकंदर, नवल बिस्सा, गोरी शंकर पुरोहित, बाबूलाल कुम्हार, भंवर बिस्सा,अरविंद, सीताराम भांभू, श्याम रेन आदि ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

- **आगे का हिस्सा घर में घुसा, दुकान क्षतिग्रस्त**

गौरतलब है कि हल्दीराम प्याऊ से लेकर जसरासर तक 65.525 किलोमीटर लंबे स्टेट हाइवे का निर्माण पीडब्लूडी की पीपीपी डिवीजन ने कराया है। हालांकि कुछ काम अब भी बाकी है। एक्सईएन रघुवीर बीठू ने बताया कि इसके निर्माण पर करीब 157 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बकाया काम जल्दी पूरे कराए जाएंगे। मार्ग पर कट भी बंद होंगे। बीठू का कहना है कि निर्माण के दौरान रोड सेफ्टी के सभी नियमों का पालन किया गया है। गाड़ी ओवर स्पीड होगी तो हादसे होंगे ही।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियां होंगी

**बीकानेर,।** पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में मतदाता जागरुकता संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर मनाया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दुलीचंद मीना ने बताया कि इस अवसर पर समस्त विद्यालयों, महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। नव पंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित कर, उन्हें ईपिक कार्ड प्रदान किए जाएंगे।

डॉ मीना ने बताया कि कार्यक्रमों में मतदाताओं को ईवीएम-वीवीपेट की कार्य प्रणाली, डाक मत पत्र, होम वोटिंग, सी विजिल, वीएचए एप, सक्षम एप, 1950 हेल्पलाइन, एनजीआरएस पोर्टल, एमएफ आदि की जानकारी दी जाएगी।

## भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की बैठक आयोजित

**बीकानेर ।** भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट, की कार्यकारिणी की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक मे मेघवाल समाज के 19वें सामुहिक विवाह एंव प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे मे चर्चा की गई।

यह बैठक 28 जनवरी को मेघवाल समाज के होने वाले सामुहिक विवाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं के बारे मे चर्चा करने के लिए रखी गई थी। रविशेखर मेघवाल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं ट्रस्ट के सदस्यों को सामुहिक विवाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन करने हेतु आहवान किया।

मेघवाल समाज की होनहार छात्राओं को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भावना अवार्ड से नवाजा जायेगा। भावना अवार्ड मे मेघवाल समाज की कक्षा 10वीं में बीकानेर तथा राजस्थान में टॉपर छात्रा तथा 12वीं की बीकानेर जिले मे टॉपर छात्रा एवं कनोडिया कॉलेज, जयपुर की टॉपर छात्रा को 31000/-रूपये की नगद राशि, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढाकर सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा कक्षा 10वीं मे 80 प्रतिशत, 12वीं मे 75 प्रतिशत, अंक प्राप्त करने वाले मेघवाल समाज के छात्र-छात्राओं को भी भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रशंसा पत्र एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

आज दिनांक तक कुल 155 छात्र-छात्राओं के व 27 जोडों के आवेदन प्राप्त हो चुके है। इस वर्ष ज्योतिबा फूले अवार्ड के तहत ऐसी चार महिलाओं का सम्मान 21000/-रूपये की नगद राशि, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढाकर सम्मानित किया जायेगा जिन्होनें अपने विवाह उपरान्त शिक्षा अर्जित कर सरकारी नौकरी प्राप्त की है।

सामुहिक विवाह व प्रतिभा सम्मान समारोह हेतु आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 15 जनवरी 2025 रखी गई है। विवाह योग्य लडके की उम्र 21 वर्ष व लडकी की उम्र 18 वर्ष की होनी चाहिए, इसके लिए प्रार्थी को जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवासी प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध करवावे।

## साइबर ठगी के 10 लाख रिफंड करवाए

**श्रीगंगानगर,** मुकलावा पुलिस ने साइबर ठगी कर खाते से उड़ाए 10 लाख रुपए पीडित के खाते में रिफंड करवाए हैं। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय विशेष अभियान साइबर शील्ड के तहत की गई है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि 18 पीएस मुकलावा निवासी परिवादी चरण सिंह पुत्र प्यारा सिंह मेहरा सिख ने थाने में परिवाद दिया। इसमें पीडित ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर 4 दिसंबर को अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आई।

# जेल के पीछे से बाइक चोरी, केस दर्ज

**श्रीगंगानगर,** केंद्रीय कारागृह के पीछे से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीडित ने कोतवाली थाने में परिवाद दिया है। इसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल राकेश भुंवाल को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार पीडित दौलतपुरा व हाल पुरानी आबादी धींगड़ा पार्क के निकट निवासी युवक ऋषिपाल पुत्र जयनारायण ने मामला दर्ज करवाया है।

- **हैड कांस्टेबल राकेश भुंवाल को मामले की जांच सौंपी गई है।**

पीडित ने बताया कि वह किसी काम से केंद्रीय कारागृह के पीछे गया था। बाइक रोककर दुकान पर गया। वापस लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर बाइक और चोर की तलाश शुरू की है।

## जनसुनवाई कल

**बीकानेर ।** जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में अटल जन सेवा शिविर (जिला स्तरीय जनसुनवाई) गुरुवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सतर्कता समिति की बैठक के पश्चात आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) रमेश देव ने यह जानकारी दी।

## बालाजी धाम में कर्तव्य बोध दिवस मनाया

**श्रीगंगानगर,** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा गंगानगर की ओर से कर्तव्य बोध दिवस (प्रथम चरण) रामदेव कॉलोनी 5 ईछोटी स्थित सिद्ध श्री सिंदूरी बालाजी धाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र खिलेरी ने। मुख्य अतिथि हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष भंवरलाल टाक व विशिष्ट अतिथि संगठन के जिला उपाध्यक्ष परमवीर सिंह बराड़ थे।

मुख्य वक्ता जिला पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति, गीता के अनासक्त योग तथा पंच परिवर्तन-स्व बोध, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण जो कि वर्तमान समाज की महती आवश्यकता है, पर व्यापक प्रकाश डाला।

# भारतीय किसान संघ की बैठक में ग्राम और तहसील स्तर पर नियमित बैठक पर जोर

**बीकानेर,** भारतीय किसान संघ की बीकानेर संभाग की बैठक शकुंतला भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभाग अध्यक्ष कैलाश जाजड़ा ने की, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने और किसानों की समस्याओं के समाधान पर गंभीरता से चर्चा की गई। प्रांत संगठन मंत्री हेमराज ने ग्राम और तहसील स्तर पर नियमित बैठकों की अनिवार्यता पर जोर दिया, जबकि प्रांत महामंत्री विजय सिंह घिंटाला ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने और अखिल भारतीय अधिवेशन की तैयारियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान संभाग कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। रीटा देवी शर्मा को संभाग महिला प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया। यह निर्णय संगठन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया। बैठक में किसानों से संबंधित बिजली, पानी, बीमा और खरीद केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इन समस्याओं के समाधान के लिए संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

संभाग के सभी जिलों से पिछले तीन वर्षों में संगठनात्मक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्यों की रिपोर्ट तैयार कर प्रांत स्तर पर भेजने का आव्हान किया गया। साथ ही, फरवरी में पालनपुर (गुजरात) में होने वाले अखिल भारतीय अधिवेशन के लिए कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष ओम सिंह आवाय, हनुमानगढ़ जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह सुंडा, श्रीगंगानगर जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह, अनूपगढ़ जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुथार, नागौर जिला अध्यक्ष जसराम चौधरी, बीकानेर जिला अध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। संभाग कार्यकारिणी में सुरेंद्र सिंह, राम प्रताप, दौलत राम, चतर सिंह, प्रेम देडू, भूराराम, मोहन राम, महादेव, खेमाराम और रामनिवास राव सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## शिक्षक सम्मेलन के लिए शिक्षकों से किया जनसंपर्क

**बीकानेर ।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान की ओर टाउन हॉल में 17 जनवरी को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के अतिरिक्त निदेशक आरएएस रणजीत सिंह, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक टीमाराम मीणा, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग गोविंद नारायण माली, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के उप निदेशक डॉ.रामगोपाल शर्मा ने किया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव, जिला महामंत्री पवन शर्मा,जिला संरक्षक एसएस शर्मा,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला प्रवक्ता अविनाश आशिया,ब्लॉक अध्यक्ष बीकानेर भंवरलाल आचार्य ने सहायक निदेशक डॉ.अशोक शर्मा,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुनील बोड़ा,ओम प्रकाश गोदारा,उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद अनिल बोड़ा,आकाशवाणी केंद्र के प्रमुख अमित सिंह,भारतीय स्टेट बैंक पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेंद्र मीना,जिला साक्षरता अधिकारी हेतराम सारण,शिवशंकर चौधरी सहित शिक्षा विभाग के कार्यालय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों से मिलकर आमंत्रण पत्र देकर सम्मलेन में आने का आहान किया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101228 **लोक सूचना** दिनांक : 14.01.2025

श्रीमती सुचित्रा भाकर पत्नी श्री महावीर सिंह भाकर, निवासी 18, पंचवटी कॉलोनी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 7 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीमती सुचित्रा भाकर पत्नी श्री महावीर सिंह भाकर | चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 25 के किला नं. 8/2 में 0.1265 है. कुल 0.1265 हैक्टेयर | कुल 0.1265 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.1.2025 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101229 **लोक सूचना** दिनांक : 14.01.2025

श्री ओम प्रकाश सहारण पुत्र श्री सुरजाराम सहारण निवासी 17-ए, पंचवटी कॉलोनी, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 7 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री ओम प्रकाश सहारण पुत्र श्री सुरजाराम सहारण | चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 25 के किला नं. 8/1 में 0.1265 है. कुल 0.1265 हैक्टेयर | कुल 0.1265 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.1.2025 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर